मैं, सोहिल व्यास पिता श्री बैजनाथ व्यास, निवासी– ग्राम पठारी, तहसील कुरवाई, जिला विदिशा (म.प्र.). मेरे आधार कार्ड में त्रुटिवश मेरा नाम सोहित पिता श्री बैजनाथ प्रसाद (SHOHIT S/o. BAIJNATH PRASAD) अंकित हो गया है, जो कि गलत है. मेरा सही नाम मेरे निर्वाचन आयोग कार्ड, जन्म प्रमाण–पत्र एवं शैक्षणिक दस्तावेजों में दर्ज है. अतः प्रकाशन उपरान्त मेरा सही नाम सोहिल व्यास पिता श्री बैजनाथ व्यास (SOHIL VYAS S/o. BAIJNATH VYAS) के नाम से जाना–पहचाना एवं लिखा–पढ़ा, दर्ज किया जावे.

पुराना नाम	नया नाम
(सोहित)	**(सोहिल व्यास)**
(SHOHIT)	**(SOHIL VYAS)**
पिता– श्री बैजनाथ प्रसाद	पिता– श्री बैजनाथ व्यास
(S/o. BAIJNATH PRASAD)	(S/o. BAIJNATH VYAS).

(G-2104)

नाम परिवर्तन

मेरा नाम राजेश्वरी पत्नी श्री डी रामाकृष्ण (RAJESHWARI W/o. D RAMKRISHN), निवासी– म.नं. 35, सनातन नगर परिसर, कैलाश नगर, सी.टी.ओ बैरागढ भोपाल, तहसील हुजूर (म.प्र.). मेरे आधार कार्ड में त्रुटिवश मेरा नाम राज श्री (RAJ SHRI) अंकित हो गया है, जो कि गलत है. मेरा सही नाम मेरे बैंक पासबुक, भारत गैस पासबुक, कार्यालय रक्षा लेख प्रधान नियंत्रक पेंशन इलाहाबाद दस्तावेजों में दर्ज है अतः प्रकाशन उपरान्त मेरा सही नाम राजेश्वरी पत्नी श्री डी रामाकृष्ण (RAJESHWARI W/o. D RAMKRISHN) के नाम से जाना–पहचाना एवं लिखा–पढ़ा, दर्ज किया जावे.

पुराना नाम	नया नाम
(राज श्री)	**(राजेश्वरी)**
(RAJ SHRI)	**(RAJESHWARI)**

(G-2105)

नाम परिवर्तन

मैं, लोकनाथ पटेल आ. श्री भुअर पटेल, निवासी–कुईया (खुर्द), तहसील रायपुर, कर्चुलियान, जिला रीवा (म.प्र.). मेरे आधार कार्ड में त्रुटिवश मेरा नाम लोकमणी पटेल पिता श्री भुअर पटेल (LOKMANI PATEL S/o. BHUAR PATEL) अंकित हो गया है, जो कि गलत है. मेरा सही नाम मेरे मूल निवासी प्रमाण–पत्र, भारत निर्वाचन आयोग कार्ड एवं जन्म प्रमाण–पत्र में दर्ज है. अतः प्रकाशन उपरान्त मेरा नाम लोकनाथ पटेल पिता श्री भुअर पटेल (LOKNATH PATEL S/o. BHUAR PATEL) के नाम से जाना–पहचाना एवं लिखा–पढ़ा, दर्ज किया जावे.

पुराना नाम	नया नाम
(लोकमणी पटेल) **(LOKMANI PATEL)**	**(लोकनाथ पटेल)** **(LOKNATH PATEL)** पिता– श्री भुअर पटेल (S/o. BHUAR PATEL).

(G-2106)

नाम परिवर्तन

मैं, अर्चना भूरिया पिता स्व. श्री दिनेश भूरिया, माता कविता भूंरिया. मेरा सही नाम अर्चना भूरिया है, मेरे आधार कार्ड मे मेरा नाम लख्मी भूरिया दर्ज हो गया है, जो कि गलत है. अतः प्रकाशन उपरान्त मेरा सही नाम अर्चना भूरिया पिता स्व. श्री दिनेश भूरिया के नाम से जाना–पहचाना एवं लिखा–पढ़ा, दर्ज किया जावे.

पुराना नाम	नया नाम
(लक्ष्मी भूरिया)	**(अर्चना भूरिया)** पिता– स्व. दिनेश भूरिया पता– गांव चौनपुरा, पोस्ट–चौनपुरा, तहसील मेघनगर, जिला झाबुआ (म.प्र.).

(G-2107)

नाम परिवर्तन

मैं, अथर्व सिंह कसानां पुत्र श्री ब्रजमोहन सिंह कसाना. मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम लवकुश कसाना अंकित है, जो कि गलत है. मेरा सही नाम अथर्व सिंह कसाना है. अतः प्रकाशन उपरान्त मुझे इसी नाम से जाना–पहचाना एवं लिखा–पढ़ा, दर्ज किया जावे.

प्रार्थी

(अर्थव सिंह कसाना)
पुत्र– श्री ब्रजमोहन सिंह कसाना
पता– RV-36, इन्डस गार्डन, फेज–1
तगुलमोहर कॉलोनी, जिला भोपाल (म.प्र.).

(G-2108)

नाम परिवर्तन

मेरा नाम मुन्ना लाल शाक्य पुत्र श्री खुमानसिंह शाक्य है, जो कि मेरी एल.आई.सी. बीमा पॉलिसी एवं वोटर कार्ड में दर्ज है. मेरा सही नाम नरेश शाक्य पुत्र श्री किशन लाल शाक्य है. अतः प्रकाशन उपरान्त मेरी बीमा पॉलिसी एवं अन्य शासकीय/अशासकीय दस्तावेजों में मेरा नाम मुन्ना लाल शाक्य पुत्र श्री खुमानसिंह शाक्य के स्थान पर नरेश शाक्य पुत्र श्री किशन लाल शाक्य लिखा–पढ़ा, दर्ज किया जावे.

पुराना नाम	नया नाम
(मुन्ना शाक्य)	**(नरेश शाक्य)**
पुत्र– श्री खुमानसिंह शाक्य	पुत्र– श्री किशनलाल शाक्य.

(G-2109)

नाम परिवर्तन

मैं, शीला सेन पत्नी स्व. हीरालाल सेन, निवासी– ग्राम व पो. देवरा, क्रमांक 02, तहसील रामपुर बाघेलान, जिला सतना (म.प्र.). मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम त्रुटिवश सुशीला सेन दर्ज है, जो कि गलत है, मेरे पति के पेंशन पी.पी.ओ. और मेरे ई–मतदाता पहचान–पत्र में मेरा सही नाम शीला सेन अंकित है. अतः प्रकाशन उपरान्त मेरे समस्त शासकीय/अशासकीय दस्तावेजों में मेरा सही नाम शीला सेन के नाम से जाना–पहचाना एवं लिखा–पढ़ा, दर्ज किया जावे.

पुराना नाम	नया नाम
(सुशीला सेन)	**(शीला सेन)**
	पत्नी– स्व. हीरालाल सेन.

(G-2110)

नाम परिवर्तन

मेरे पुत्र का नाम ईशांत राठौर पिता मुकेश राठौर (ISHANT RATHORE S/o. MUKESH RATHORE), निवासी– फ्लैट नं–बी–02, 604, पी.एम. भानपुर, हुजूर, पीपल्स कम्पुस, भोपाल (म.प्र.). मेरे पुत्र के आधार कार्ड में त्रुटिवश नाम ईशान राठौर पिता मुकेश राठौर (ISHAN RATHORE S/o. MUKESH RATHORE) अंकित हो गया है, जो कि गलत है. मेरे पुत्र का सही नाम उसके शैक्षणिक दस्तावेजों व जन्म प्रमाण–पत्र में दर्ज है. अतः प्रकाशन उपरान्त मेरे पुत्र का सही नाम ईशांत राठौर पिता मुकेश राठौर (ISHANT RATHORE S/o. MUKESH RATHORE) के नाम से जाना–पहचाना एवं लिखा–पढ़ा, दर्ज किया जावे.

आवेदक

(मुकेश राठौर).

पिता– गेंदा लाल राठौर.

(G-2111)

नाम परिवर्तन

मैं, पूजा पिता रामसेवक अग्रवाल, निवासी– 19/1, सरवेया गली रामपुरा वार्ड, जिला सागर (म.प्र.). मेरा नाम त्रटिवश आधार कार्ड में (Shah Pooja Dhavalkumar) दर्ज हो गया है, जो कि गलत है. मेरा सही नाम पूजा (PUJA) है, जो मेरे वोटर आई.डी. कार्ड में दर्ज है. जिसको मैं, अपने आधार कार्ड/शासकीय/अशासकीय सभी दस्तावेजों में दर्ज कराना चाहती हूँ. पूजा (PUJA) व (Shah Pooja Dhavalkumar) दोनों नाम मेरे स्वयं के ही हैं. अतः प्रकाशन उपरान्त मेरा सही नाम पूजा (PUJA) के नाम से जाना–पहचाना एवं लिखा–पढ़ा, दर्ज किया जावे.

पुराना नाम	नया नाम
(Shah Pooja Dhavalkumar)	(पूजा) **(PUJA).**

(G-2112)

नाम परिवर्तन

मेरा नाम रचना पत्नी अलोक कुमार (Rachana W/o. Alok Kumar), निवासी– सी–13, आर.आर. पी लाइन, भदभदा रोड, हुजूर, भोपाल (म.प्र.). मेरे आधार कार्ड में त्रुटिवश मेरा नाम रचना देवी पत्नी अलोक कुमार (Rachna Devi W/o. Alok Kumar) अंकित हो गया है, जो कि गलत है. मेरा सही नाम मेरी शैक्षणिक दस्तावेजों में दर्ज है तथा सही नाम को सभी शासकीय एवं अशासकीय दस्तावेजों में दर्ज किया जावे. अतः प्रकाशन उपरान्त मेरा नाम रचना पत्नी अलोक कुमार (Rachana W/o. Alok Kumar) के नाम से जाना–पहचाना एवं लिखा–पढ़ा जावे.

पुराना नाम
(रचना देवी)
(Rachna Devi)

नया नाम
(रचना)
(Rachana)
पत्नी– अलोक कुमार
W/o. Alok Kumar.

(G-2113)

नाम परिवर्तन

मेरे पुत्र का नाम अनिकेत रावत पुत्र सतेंद्र रावत (Aniket Rawat S/o. Satendra Rawat), निवासी– ग्राम पपरेदु, पोस्ट पपरेदु, तहसील करेरा, शिवपुरी, (म.प्र.). मेरे पुत्र के आधार कार्ड में त्रुटिवश उसका नाम अंकित पुत्र सतेन्द्र (Ankit S/o. Satendra) अंकित हो गया है, जो कि गलत है. मेरे पुत्र का सही नाम उसके जन्म प्रमाण–पत्र व शैक्षणिक दस्तावेजों में दर्ज है तथा सही नाम को सभी शासकीय एवं अशासकीय दस्तावेजों में दर्ज किया जावे. अतः प्रकाशन उपरान्त मेरे पुत्र का नाम अनिकेत रावत पुत्र सतेंद्र रावत (Aniket Rawat S/o. Satendra Rawat) के नाम से जाना–पहचाना एवं लिखा–पढ़ा, दर्ज किया जावे.

पुराना नाम
(अंकित)
(Ankit)
पुत्र– सतेन्द्र
S/o. Satendra

आवेदक
(अनिकेत रावत)
(Aniket Rawat)
पुत्र– सतेंद्र रावत
S/o. Satendra Rawat.

(G-2114)

उपनाम परिवर्तन

मैं, मनीष सुखवानी (MANISH SUKHWANI) पिता स्व. चंदीराम (CHANDIRAM), निवासी– पुष्पराज कालोनी सतना, जिला सतना (म.प्र.). मैंने अपना सरनेम सुखवानी (SUKHWANI) के स्थान पर दर्डा (DARDA) परिवर्तित कर लिया है और अपने नाम के साथ इसी सरनेम का उपयोग कर रहा हूँ. अतः प्रकाशन उपरान्त मेरे शासकीय व अशासकीय अभिलेखों में मेरा नाम मनीष दर्डा (MANISH DARDA) तनय स्व. चंदीराम के नाम से जाना–पहचाना एवं लिखा–पढ़ा, दर्ज किया जावे.

पुराना नाम
(मनीष सुखवानी)

आवेदक
(मनीष दर्डा)
पिता– तनय स्व. चंदीराम.

(G-2115)

उपनाम परिवर्तन

मैं, दीपक सुखवानी (DEEPAK SUKHWANI) पिता स्व. चंदीराम (CHANDIRAM), निवासी– पुष्पराज कालोनी सतना, जिला सतना (म.प्र.). मैंने अपने गोत्र सरनेम सुखवानी (SUKHWANI) के स्थान पर दर्डा (DARDA) परिवर्तित कर लिया है और अपने नाम के साथ इसी सरनेम का उपयोग कर रहा हूँ. अतः प्रकाशन उपरान्त मेरे शासकीय व अशासकीय अभिलेखों में मेरा नाम दीपक दर्डा (DEEPAK DARDA) तनय स्व. चंदीराम के नाम से जाना–पहचाना एवं लिखा–पढ़ा, दर्ज किया जावे.

पुराना नाम
(दीपक सुखवानी)

आवेदक
(दीपक दर्डा)
पिता– तनय स्व. चंदीराम.

(G-2116)

जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं, मनीष ठाकुर पिता तेज सिंह ठाकुर फर्म SHREE SHIVAY BUILDCON में भागीदार हूँ, फर्म का निर्माण कार्य और कॉलोनी डेवलपमेंट का काम है, कार्यालय– 01, ए. बी. रोड बिलावली, इंडियन आयल पेट्रोल पंप के सामने, देवास में स्थित होकर, फर्म का पंजीयन कार्यालय रजिस्ट्रार फर्म एवं संस्थाएं उज्जैन पंजीयन क्रमांक 07–38–01–0097–22, दिनांक 23 सितम्बर 2022 को हुआ है. फर्म पंजीयन करते समय फर्म का नाम त्रुटिवश SSHREE SHIVAY BUILDCON हो गया था, जो कि सही नाम नहीं है. हमने अपनी भागीदारी फर्म का नाम सुधारकर SHREE SHIVAY BUILDCON कर लिया है. फर्म के सही नाम का संशोधन भागीदारी विलेख भी तैयार कर लिया है. अतः प्रकाशन उपरांत हमारी फर्म को SHREE SHIVAY BUILDCON के नाम से जाना–पहचाना एवं लिखा–पढ़ा, दर्ज किया जावे.

SHREE SHIVAY BUILDCON

मनीष ठाकुर
(भागीदार)
पता– ग्राम बिलावली, ए.बी. रोड, देवास (म.प्र.).

(G-2117)

नाम परिवर्तन

मेरे पुत्र का नाम कृष्णा राय पिता नन्द कुमार राय (KRISHNA RAI S/o. NAND KUMAR RAI), निवासी– म.नं. 60, वार्ड नं. 10, नगर बरेली तिलक, जिला रायसेन (म.प्र.). मेरे पुत्र के आधार कार्ड में त्रुटिवश उसका नाम पियूष राय पिता नन्दकुमार (Piyush Rai S/o. Nandkumar) अंकित हो गया है, जो कि गलत है. मेरे पुत्र का सही नाम उसके शैक्षणिक दस्तावेजों में दर्ज है. मैं, अपने पुत्र के आधार कार्ड/शासकीय/अशासकीय सभी दस्तावेजों में दर्ज करवाना चाहता हूं. अतः प्रकाशन उपरान्त मेरे पुत्र का सही नाम कृष्ण राय पिता नन्द कुमार राय (KRISHNA RAI S/o. NAND KUMAR RAI) के नाम से जाना–पहचाना एवं लिखा–पढ़ा, दर्ज किया जावे.

आवेदक

(नन्द कुमार राय)
(NAND KUMAR RAI)

(G-2118)

उपनाम परिवर्तन

मैं, सीमा अड़लक पिता पंडरीनाथ अड़लक, निवासी– 119/2, न्यू आर्दश कॉलोनी, पतौवापुरा, तहसील शाहपुर, जिला बैतूल (म.प्र.). मेरा नाम आधार कार्ड में सीमा देशमुख (Seema Deshmukh) द्वारा राजेंद्र देशमुख (Rajendra Deshmukh) दर्ज हो गया है, जो कि मेरे विवाह पश्चात् का नाम है. मेरा विवाह विच्छेद होने के बाद मेरा सही नाम सीमा अड़लक (Seema Adlak) पिता पंडरीनाथ अड़लक (Pandarinath Adlak) है, जोकि मेरे शैक्षणिक दस्तावेजों में दर्ज है, जिसे मैं, अपने आधार कार्ड/शासकीय/अशासकीय दस्तावेजों में दर्ज कराना चाहती हूँ. अतः प्रकाशन उपरान्त मुझे सही नाम सीमा अड़लक (Seema Adlak) पिता पंडरीनाथ अड़लक (Pandarinath Adlak) के नाम से जाना–पहचाना एवं लिखा–पढ़ा, दर्ज किया जावे.

पुराना नाम

(सीमा देशमुख)
(SEEMA DESHMUKH)
द्वारा– राजेंद्र देशमुख
(RAJENDRA DESHMUKH)

आवेदक

(सीमा अड़लक)
(SEEMA ADLAK)
पिता– पंडरीनाथ अड़लक
(PANDARINATH ADLAK).

(G-2119)

विविध

न्यायालयों की सूचनाएं

न्यायालय, अनुविभागीय अधिकारी एवं रजिस्ट्रार, पब्लिक ट्रस्ट, उपखण्ड गुना, मध्यप्रदेश

गुना, दिनांक 4 नवम्बर 2025

प्रारुप क्र. – 4

[देखिए नियम–7(1)]

[मध्यप्रदेश पब्लिक ट्रस्ट एक्ट, 1951 (1951 का 30) और मध्यप्रदेश लोक न्यास नियम, 1962 के नियम 5(1) के द्वारा]

न्यायालय लोक न्यासों का पंजीयक, उपखण्ड गुना, जिला गुना के समक्ष,

प्र.क्र.–04–बी–113/2025–26.– यतः कि न्यासधारी श्री रतनलाल चंदेल पुत्र श्री धनसिंह चंदेल, निवासी– कर्नेलगंज एवं अन्य, द्वारा "ग्वाल समाज ट्रस्ट शिवाजी नगर जिला गुना" मध्यप्रदेश लोक न्यास अधिनियम, 1951 (1951 का 30) की धारा 4 के अंतर्गत आवेदन अनुसूची में विनिर्दिष्ट संपत्ति के लिये लोक न्यास के रूप में पंजीकृत किये जाने के लिये आवेदन किया है, एतद्द्वारा यह सूचना दी जाती है कि कथित आवेदन पर दिनांक 25 फरवरी 2026 के दिवस पर मेरे न्यायालय में विचार में लिया जायेगा.

किसी आपत्तियां सुझाव को करने का आशय रखते हुये कथित न्यास या संपत्ति में हितबद्ध कोई व्यक्ति को इस सूचना पत्र के प्रकाशन की तारीख से एक माह के भीतर दो प्रतियों में लिखित कथन प्रस्तुत करना चाहिये और मेरे समक्ष उपरोक्त तारीख पर या तो व्यक्तिशः अथवा प्लीडर या अभिकर्ता के माध्यम से उपस्थित होना चाहिये, उपरोक्त अवधि के अक्सान के उपरांत प्राप्त आपत्तियों को विचार में नही लिया जायेगाः–

अनुसूची

(लोक न्यास का नाम और पता व सम्पत्ति का विवरण)

1. लोक न्यास का नाम और पता	–	"ग्वाल समाज ट्रस्ट शिवाजी नगर, जिला गुना"
2. चल सम्पत्ति	–	–
3. अचल सम्पत्ति	–	–

(G-2120)

शिवानी पाठक, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व).

न्यायालय, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) एवं रजिस्ट्रार, पब्लिक ट्रस्ट, गौहरगंज, जिला रायसेन, मध्यप्रदेश

गौहरगंज, दिनांक 4 फरवरी 2026

प्रारुप क्र. – 5

[देखें नियम–5(1)]

[मध्यप्रदेश लोक न्यास अधिनियम, 1951 (1951 का 30) और मध्यप्रदेश लोक न्यास नियम, 1962 के नियम 5(1) के द्वारा]

लोक न्यासों के पंजीयक गौहरगंज, जिला रायसेन, के समक्ष,

क्र.–221–रीडर–2026.– यतः मुझे यह प्रतीत होता है कि अनुसूची में विनिर्दिष्ट संपत्ति मध्यप्रदेश लोक न्यास अधिनियम, 1951 (1951 का 30) की धारा 2 की उपधारा (4) के आशय के अधीन लोक न्यास का गठन करती हैः

अब. इसलिये, मैं, चन्द्रशेखर श्रीवास्तव, लोक न्यासों का पंजीयक गौहरगंज, जिला रायसेन मेरे न्यायालय में 2026 के फरवरी के 04 दिवस पर, कथित अधिनियम की धारा 5 की उपधारा (1) यथाअपेक्षित, मामले में जाँच करने को प्रस्तावित करता हूँ

एतद्द्वारा सूचना–पत्र दिया जाता है कि कथित न्यास या संपत्ति का कोई न्यासी या कार्यकारी न्यासी या इसमें हितबद्ध कोई व्यक्ति और आपत्ति या सुझाव देने का आशय रखने वाले को दो प्रतियों में इस सूचना–पत्र के प्रकाशन की तारीख से एक माह की भीतर लिखित कथन प्रस्तुत करना चाहिए और मेरे समक्ष उपरोक्त तारीख पर या तो व्यक्तिशः अथवा प्लीडर या अभिकर्ता के माध्यम से उपस्थित होना चाहिए. उपरोक्त अवधि के अवसान के उपरात प्राप्त आपत्तियों को विचार में नहीं लिया जाएगाः–

अनुसूची

(लोक न्यास का नाम और पता व सम्पत्ति का विवरण)

1 ट्रस्ट का नाम	–	श्री राम जानकी मंदिर
2 कार्यालय का पता	–	श्री राम जानकी मंदिर आशापुरी, तहसील गौहरगंज, जिला रायसेन.
3 चल सम्पत्ति	–	निरंक
4 अचल सम्पत्ति	–	निरंक

(G-2121) **चन्द्रशेखर श्रीवास्तव,** पंजीयक एवं अनुविभागीय अधिकारी (रा).

न्यायालय, पंजीयक, सार्वजनिक लोक न्यास, अनुभाग–बुरहानपुर, मध्यप्रदेश

बुरहानपुर, दिनांक 19 जनवरी 2026

[देखिए नियम–5(1)]

[मध्यप्रदेश सार्वजनिक लोक न्यास अधिनियम, 1951 की धारा 4 के अंतर्गत]

प्र.क्र.–बी–113/2025–26.– एतद्द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि लोक न्यास के पंजीयक बुरहानपुर जिला बुरहानपुर के समक्ष आवेदक श्री शीतलामाता मंदिर ट्रस्ट शाह बाजार, बुरहानपुर, द्वारा सचिव राकेश खत्री पिता बालाप्रसाद खत्री, निवासी– मकान नंबर 105/2, वार्ड नंबर 07, तिलकवार्ड, तहसील व जिला बुरहानपुर, मध्यप्रदेश ने एक आवेदन–पत्र अंतर्गत धारा 4 मध्यप्रदेश लोक न्यास अधिनियम 1951 के तहत् प्रस्तुत कर श्री शीतलामाता मंदिर ट्रस्ट शाह बाजार बुरहानपुर के पंजीयन हेतु आवेदन–पत्र पेश किया गया हैं. एतद्द्वारा सूचना–पत्र दिया जाता है कि कथित आवेदन–पत्र दिनांक 16 जनवरी 2026 को मेरे न्यायालय में विचार में लिया गया है.

किसी आपत्ति या सुझाव को करने का आशय रखते हुए कथित न्यास या सम्पत्ति में हितबद्ध कोई व्यक्ति को इस सूचना के प्रकाशन की तारीख से एक माह के भीतर दो प्रतियों में लिखत कथन प्रस्तुत करना चाहिये और मेरे समक्ष उपरोक्त तारीख पर या तो व्यक्तिशः अथवा प्लीडर या अभिकर्ता के माध्यम से उपस्थित होना चाहिये. उपरोक्त अवधि के अवसान के उपरांत प्राप्त आपत्तियों पर विचार में नहीं लिया जायेगाः–

अनुसूची

(लोक न्यास का नाम और पता सम्पत्ति का विवरण)

1. आवेदक श्री शीतलामाता मंदिर ट्रस्ट शाह बाजार, बुरहानपुर व्दारा सचिव, राकेश खत्री पिता बालाप्रसाद खत्री, निवासी– मकान नंबर 105/2, वार्ड नंबर 07, तिलकवार्ड, तहसील व जिला बुरहानपुर, मध्यप्रदेश.
2. चल संपत्ति 2,00,000/– रुपये है.
3. अचल संपत्ति– शहर बुरहानपुर स्थित ब्लॉक नंबर 36, प्लॉट नंबर 241, रकबा 150 वर्गफीट पर प्राचीन मंदिर बना है शासकीय रिकार्ड में मंदिर श्री शीतला माता मेनेजर सुंदाबाई बेवा शिवलाल नागोरी, निवासी– कारंज बाजार, बुरहानपुर के नाम से दर्ज है.

(G-2122) **अजमेर सिंह गौड़,** पंजीयक.

न्यायालय, अनुविभागीय अधिकारी एवं पंजीयक, लोक न्यास, जूनी इन्दौर क्षेत्र, जिला इन्दौर, मध्यप्रदेश

जूनी इन्दौर, दिनांक 6 फरवरी 2026

(फार्म – चार)

[मध्यप्रदेश पब्लिक ट्रस्ट एक्ट, 1951: तीस: (95) की धारा 5 (2) व मध्यप्रदेश ट्रस्ट नियम, 1963 नियम 5 (1) के अन्तर्गत]

क्र.–3617–रीडर–1/2026.– आवेदक श्री आनंदेश्वर, महादेव ट्रस्ट पता–512, शांत डैजल, आनंदवन के सामने, स्कीम न. 1140, बिचौली मर्दाना रोड, इन्दौर की ओर से आवेदक द्वारा पब्लिक ट्रस्ट एक्ट की धारा 4 के अर्न्तगत पब्लिक ट्रस्ट के पंजीयन हेतु आवेदन–पत्र प्रस्तुत किया है.

अतः सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि कोई भी व्यक्ति उक्त ट्रस्ट एवं उसकी संपत्ति जिसका विवरण नीचे परिशिष्ट में दिया गया है, के संबंध में आपत्ति अथया दावा पेश करना चाहे तो वह नोटिस के राजपत्र से प्रकाशन की दिनांक से एक माह अर्थात (30 दिन) के अंदर इस न्यायालय में न्यायालयीन दिवस एवं समय में स्वयं या अभिभाषक अथवा अधिकृत मुख्त्यार के माध्यम से आपत्ति दो प्रति में प्रस्तुत कर सकते हैं अथवा पंजीकृत डाक द्वारा भी प्रेषित कर सकते है. निश्चित् अवधि के उपरांत प्राप्त आपत्तियों/दावों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा:–

परिशिष्ट

(पब्लिक ट्रस्ट का नाम और पता एवं अचल सम्पत्ति – चल सम्पत्ति का विवरण)

1. श्री आनंदेश्वर महादेव ट्रस्ट पता–512, शांत डैजल, आनंदवन के सामने, स्कीम न. 1140, बिचौली मर्दाना रोड, इन्दौर.
2. अचल संपत्ति निरंक /–
3. चल संपत्ति 11000/–

आज दिनांक 06 फरवरी 2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से प्रसारित किया गया.

(G-2123) **प्रदीप सोनी,** अनुविभागीय अधिकारी.

न्यायालय, अनुविभागीय अधिकारी एवं रजिस्ट्रार, पब्लिक ट्रस्ट, रतलाम (शहर), मध्यप्रदेश

रतलाम, दिनांक 6 फरवरी 2026

फार्म – 4

[देखिए नियम–5(1)]

[मध्यप्रदेश पब्लिक ट्रस्ट एक्ट, 1951 की धारा 4 (2) के तहत]

क्र.–245–आर–1–26– प्र.क्र.–0005–बी–113(1)–2025–20.– आवेदक मोहम्मद इसहाक खान पिता मोहम्मद इस्माइल खान, निवासी– 23/1 अरिहंत परिसर रतलाम व अन्य द्वारा मध्यप्रदेश लोक न्यास अधिनियम की धारा 4 के अन्तर्गत आवेदन–पत्र प्रस्तुत कर ''हयात एजुकेशनल एंड वेलफेयर फाउंडेशन'' जिसका कार्यालय– 23/1, अरिहंत परिसर कॉलोनी, रतलाम पर रहेगा के नाम से नवीन ट्रस्ट का पंजीयन किये जाने को निवेदन किया गया है. जिसकी सुनवाई दिनांक 15 दिसम्बर 2025 को नवीन कलेक्टोरेट भवन महू–नीमच रोड के कक्ष क्रमांक 5 में की जावेगी.

अतः सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि इस संबंध में किसी को वैधानिक आपत्ति हो तो वह प्रकरण में नियत दिनांक 06 मार्च 2026 को या इसके पूर्व इस न्यायालय में न्यायालयीन समय पर उपस्थित होकर अपनी आपत्ति पेश कर सकते हैं. नियत अवधि पश्चात् प्राप्त आपत्ति पर विचार न करते हुए प्रकरण में नियमानुसार आगामी कार्यवाही की जावेगीः–

अनुसूची

(पब्लिक ट्रस्ट का नाम, पता तथा सम्पत्ति का विवरण)

1.	न्यास का पूरा नाम व पता	''हयात एजुकेशनल एंड वेलफेयर फाउंडेशन'' जिसका कार्यालय 23/1 अरिहंत परिसर कॉलोनी, रतलाम.		
2.	अचल सम्पत्ति	निरंक		
3.	चल सम्पत्ति	क्र.	विवरण	रुपये
		1	Equitas Small Finance Bank Ratlam [Account number 200003021242]	5,08,000/–

(G-2124) **आर्ची हरित**, रजिस्ट्रार.

न्यायालय, अनुविभागीय अधिकारी एवं रजिस्ट्रार, पब्लिक ट्रस्ट, नजूल, टी.टी. नगर, भोपाल मध्यप्रदेश

भोपाल, दिनांक 10 फरवरी 2026

प्रारुप– 4

[देखिए नियम–5(1)]

[मध्यप्रदेश लोक न्यास अधिनियम, 1951 (1951 का 30) की धारा 5 की उपधारा (2) और मध्यप्रदेश लोक न्यास नियम, 1962 का नियम 5 (1) के अंतर्गत]

न्यायालय पंजीयक, लोक न्यास एवं अनुविभागीय अधिकारी, टी.टी. नगर भोपाल जिले के समक्ष

प्र.क्र.–05–बी–113–2025–2026.– चूंकि, श्री अंश शर्मा आ. श्री शैलेन्द्र शर्मा, निवासी–एल.आई.जी. 117 हर्षवर्धन नगर भोपाल, मध्यप्रदेश द्वारा "इंडियन साइक्लिंग फाउण्डेशन" ट्रस्ट कार्यालय–एल.आई.जी. 117, हर्षवर्धन नगर, भोपाल का पंजीयन किये जाने हेतु आवेदन–पत्र प्रस्तुत किया है.

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि उक्त आवेदन मेरे न्यायालय में मेरे द्वारा दिनांक 12 मार्च 2026 को विचार में लिया जावेगा. अतः एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि उक्त न्यास या सम्पत्ति का कोई न्यासी या कार्यकारी न्यासी या उसमें हित रखने वाले और किसी आपत्ति का सुझाव प्रस्तुत करने का विचार रखने वाले व्यक्ति इस सूचना के प्रकाशन के दिनांक से पन्द्रह दिवस के भीतर दो प्रतियों में लिखित कथन प्रस्तुत कर सकता है, और कोर्ट में मेरे समक्ष उपरोक्त दिनांक को या तो व्यक्तिशः या अभिभाषक या अभिकर्ता के द्वारा उपस्थित होना चाहिए. उपरोक्त अवधि की समाप्ति के पश्चात् प्राप्त आपत्तियों को विचार के लिये ग्रहण नही किया जायेगाः–

अनुसूची

1. ट्रस्ट का नाम	: –	इंडियन साइक्लिंग फाण्डेशन भोपाल (म.प्र.)
2. चल सम्पत्ति	: –	10,000/– (दस हजार) इंडियन बैंक, माता मंदिर शाखा भोपाल में जमा है.
2. अचल सम्पत्ति	: –	निरंक

आज दिनांक 10 फरवरी 2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन की पदमुद्रा से जारी की गई.

(G-2125)

भोपाल, दिनांक 4 फरवरी 2026

प्रारुप – 4

[देखिए नियम–5(1)]

[मध्यप्रदेश लोक न्यास अधिनियम, 1951 (1951 का 30) की धारा 5 की उपधारा (2) और मध्यप्रदेश लोक न्यास नियम 1962 का नियम 5 (1) के अंतर्गत]

न्यायालय पंजीयक, लोक न्यास एवं अनुविभागीय अधिकारी, टी.टी. नगर भोपाल जिले के समक्ष

प्र.क्र.–02–बी–113–2025–2026.– चूंकि, श्री चंद्रभान लालचंदानी आ. स्व. श्री जेठानंद लालचंदानी निवासी– म.नं.–40–43, लक्ष्मी विला, ईदगाह हिल्स, भोपाल, मध्यप्रदेश ने लोक न्यास अधिनियम, 1951 की धारा 4 के अधीन सेठ ख्यालदास लालचंदानी स्मृति चेरिटेबिल ट्रस्ट का लोक न्यास अधिनियम के तहत् अनुसूची में पंजीयन के लिए आवेदन किया है. एतद्द्वारा यह सूचना दी जाती हैं कि आवेदन मेरे न्यायालय में दिनांक 4 फरवरी 2026 को विचार के लिए लिया जावेगा.

अतः, मैं, अनुविभागीय अधिकारी, एवं रजिस्ट्रार पब्लिक ट्रस्ट, टी.टी. नगर, भोपाल (सेठ ख्यालदास लालचंदानी स्मृति चेरिटेबिल ट्रस्ट भोपाल) लोक न्यासों का पंजीयक, अपने न्यायालय में दिनांक 4 मार्च 2026 को उक्त अधिनियम की धारा 4 के द्वारा यथाअपेक्षित जांच करना प्रस्तावित करती हूं.

अतः, एतद्द्वारा सूचना दीं जाती है कि उक्त न्यास या सम्पत्ति का कोई न्यासी या कार्यकारी न्यासी या उसमें हित रखने वाले और किसी आपत्ति का सुझाव प्रस्तुत करने का विचार रखने वाले व्यक्ति को इस सूचना के प्रकाशन के दिनांक से एक माह के भीतर दो प्रतियों में लिखित कथन प्रस्तुत कर सकता हैं, और कोर्ट में मेरे समक्ष उपरोक्त दिनांक को या तो व्यक्तिशः या अभिभाषक या अभिकर्ता के द्वारा उपस्थित होना चाहिए. उपरोक्त अवधि की समाप्ति के पश्चात् प्राप्त आपत्तियों को विचार के लिए ग्रहण नही किया जाएगाः–

अनुसूची

1. ट्रस्ट का नाम	: –	सेठ ख्यालदास लालचंदानी स्मृति चेरिटेबिल ट्रस्ट, भोपाल (म.प्र.)
2. चल सम्पत्ति	: –	निल
3. अचल सम्पत्ति	: –	निल

आज दिनांक 4 फरवरी 2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन की पदमुद्रा से जारी की गई.

(G-2126)

अर्चना रावत शर्मा, अनुविभागीय अधिकारी एवं रजिस्ट्रार.

न्यायालय, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) एवं पंजीयक, लोक न्यास, बड़वाह, जिला खरगोन मध्यप्रदेश

फार्म – चार

[मध्यप्रदेश पब्लिक ट्रस्ट एक्ट, 1951 (क्रमांक 30–1951) की धारा 5 (2) एवं मध्यप्रदेश पब्लिक ट्रस्ट रूल्स, 1952 के नियम 5 (1) के अंतर्गत]

समक्ष पंजीयक, लोक न्यास, बड़वाह

प्र.क्र.–05–बी–113(1)–2025–26.– चूंकि, प्रार्थी स्वामी प्रणवानन्द सरस्वती पिता रामानन्द सरस्वती, निवासी– 01, भार्कण्डेय सन्यास आश्रम, श्री अभय घाट, औंकारेश्वर, तहसील पुनासा, जिला–खण्डवा (म.प्र.) द्वारा "श्री रामकुटी आश्रम ग्राम रामगढ ट्रस्ट पंजीकृत कार्यालय– श्री रामकुटी आश्रम, ग्राम रामगढ़, तहसील बडवाह, जिला खरगोन (म.प्र.) द्वारा ट्रस्ट पंजीयन हेतु पब्लिक ट्रस्ट एक्ट, 1951 (क्रमांक 30–1951) की धारा 4 के अन्तर्गत निम्न अनुसूची में दर्शित चल/अचल सम्पत्ति हेतु आवेदन–पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है.

एतद्द्वारा, सूचित किया जाता है कि उक्त आवेदन–पत्र पर इस न्यायालय में विचार किया जावेगा. कोई भी व्यक्ति जो उक्त ट्रस्ट अथवा सम्पत्ति में हित रखता हो और कोई आपत्ति या सलाह प्रस्तुत करना चाहता हो, वह इस सूचना के प्रकाशन के दिनांक से एक माह के अन्दर दो प्रतियों में लिखित में मेरे समक्ष स्वयं अथवा अपने वैध प्रतिनिधि के माध्यम से प्रस्तुत करें तथा उपस्थित रहें. निर्धारित अवधि समाप्त होने के पश्चात् प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा:–

अ.क्र.	नाम वस्तु	विवरण	वजन तथा नग	राशि
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)
1.	नगद	निरंक	निरंक	11,000/–
2.	अचल सम्पत्ति	निरंक	निरंक	निरंक

(G-2127) **सत्यनारायण दर्रो,** अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व).

कार्यालय, अनुविभागीय अधिकारी, संतहिरदाराम नगर, बैरागढ़ वृत्त, जिला भोपाल, मध्यप्रदेश

भोपाल, दिनांक 26 फरवरी 2026

प्र. क्र.–बी–121–2025–26.– जैसा कि " आइनॉक्स ग्रीन रहवासी समिति" पता– नई जेल रोड, नियर आई.टी. पार्क तहसील हुजूर, भोपाल द्वारा श्री उपेन्द्र कुमार शुक्ला पिता श्री जगदीश प्रसाद शुक्ला अध्यक्ष नि. मकान नम्बर 87, आईनॉक्स ग्रीन कॉलोनी, हुजूर, भोपाल की ओर से मध्यप्रदेश प्रकोष्ठ स्वामित्व नियम, 2019 के अन्तर्गत संस्था के रूप में पंजीयन हेतु आवेदन–पत्र प्रस्तुत किया है.

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि उक्त आवेदन मेरे न्यायालय में मेरे द्वारा विचार में लिया जावेगा. कोई भी व्यक्ति जो उक्त संस्था में या प्रकोष्ठ/सम्पत्ति में हित रखता हो या कोई आपत्ति या सुझाव देना चाहता हो, लिखित में दो प्रतियों में इस सूचना के प्रकाशन के "एक माह" के भीतर प्रस्तुत करें अथवा उक्त दिनांक को मेरे समक्ष स्वयं अथवा अभिभाषक के माध्यम से या अभिकर्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपनी लिखित आपत्तियां प्रस्तुत कर सकता है. उपर्युक्त अवधि समाप्ति के पश्चात् प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा:–

अनुसूची

1. संस्था का नाम व पता	–	''आइनॉक्स ग्रीन रहवासी समिति'' पता– नई जेल रोड, नियर आई.टी. पार्क, तहसील हुजूर, जिला भोपाल.
2. चल सम्पत्ति	–	निरंक
3. अचल सम्पत्ति	–	निरंक

आज दिनांक 26 फरवरी 2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मोहर से जारी किया गया.

(G-2128) **रवि शंकर राय,** अनुविभागीय अधिकारी.

न्यायालय, पंजीयक, सार्वजनिक न्यास, अनुविभागीय अधिकारी (रा.), किरनापुर, जिला बालाघाट, मध्यप्रदेश

किरनापुर, दिनांक 17 फरवरी 2026

प्रारूप–चार

[नियम–5(1) देखिए]

[मध्यप्रदेश लोक न्यास अधिनियम, 1951 (1951 का 30) की धारा 5 की उपधारा (2) और मध्यप्रदेश लोक न्यास, नियम, 1962 का नियम 5(1) के अंतर्गत]

न्यायालय पंजीयक, लोक न्यास एवं अनुविभागीय अधिकारी राजस्व किरनापुर, जिला बालाघाट मध्यप्रदेश के समक्ष

क्र. 1079.– चूँकि, श्री पंकज अग्रवाल (अध्यक्ष) आत्मज/पिता ओमप्रकाश अग्रवाल निवासी वार्ड नं. 10, किरनाई मंदिर रोड़, किरनापुर, जिला बालाघाट (म.प्र.) ने लोक न्यास अधिनियम, 1951 (1951 का 30) की धारा के अधीन अनुसूची में लोक न्यास की तरह विनिर्दिष्ट की सम्पत्ति के पंजीयन के लिए आवेदन किया गया है. एतद्द्वारा यह सूचना दी जाती है कि आवेदन मेरे न्यायालय में दिनांक 23 मार्च 2026 को विचार के लिये लिया जायेगा.

अतः, मैं, अनुविभागीय अधिकारी (रा.) एवं रजिस्ट्रार, पब्लिक ट्रस्ट किरनापुर (मां किरनाई देवी मंदिर ट्रस्ट) लोक न्यासों का पंजीयक अपने न्यायालय में दिनांक 23 मार्च 2026 को उक्त अधिनियम की धारा 5 की उपधारा (1) के द्वारा यथाअपेक्षित जाँच करना प्रस्तावित करता हूँ.

अतः, एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि उक्त न्यास या सम्पत्ति का कोई न्यासी या कार्यकारी न्यासी या उसमें हित रखने वाले और किसी सम्पत्ति का सुझाव प्रस्तुत करने का विचार रखने वाले व्यक्ति को इस सूचना के प्रकाशन के दिनांक से 15 दिवस के भीतर दो प्रतियों में लिखित कथन प्रस्तुत कर सकता है और कोर्ट में मेरे समक्ष उपरोक्त दिनांक को या तो व्यक्तिशः या अभिभाषक या अभिकर्ता के द्वारा उपस्थित होना चाहिए. उपरोक्त अवधि की समाप्ति के पश्चात प्राप्त आपत्तियों को विचार के लिए ग्रहण नहीं किया जायेगाः–

अनुसूची

1. ट्रस्ट का नाम	–	मां किरनाई देवी मंदिर ट्रस्ट
2. चल सम्पत्ति	–	3,00,000/– (शब्दों में तीन लाख रुपये) नगदी हार 18 CT – 86.06 ग्राम, सोने का चिल्लर सामान -- 4 ग्राम, चांदी का छत्र – 2449 ग्राम, चांदी का छत्र–मुकुट – 443 ग्राम चांदी का चिल्लर सामान – 120 ग्राम, चांदी का मुकुट– 670 ग्राम
3. अचल सम्पत्ति	: –	निरंक

आज दिनांक 17 फरवरी 2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मोहर से जारी की गई.

(G-2129) **मायाराम कोल,** अनुविभागीय अधिकारी.

कार्यालय, रजिस्ट्रार ऑफ पब्लिक ट्रस्ट एवं अनुविभागीय अधिकारी, शुजालपुर, जिला शाजापुर, मध्यप्रदेश

शाजापुर, दिनांक 4 फरवरी 2026

प्रारुप– पांच

[देखिये नियम–5(1)]

प्र.क्र.–0003–बी–113–2025–26.– मध्यप्रदेश पब्लिक ट्रस्ट एक्ट, 1951 की धारा 5 (1) व 5 (2) के अंतर्गत आवेदक अध्यक्ष अभिषेक जैन पिता स्व. चंद्रकांत जैन, निवासी– मकान नं. 409, वार्ड नंबर 15, (सम्यक कम्प्युटर्स), शुजालपुर, तहसील शुजालपुर, जिला शाजापुर के द्वारा एक आवेदन–पत्र पंजीयन श्री कुन्दकुन्द कहान दिगम्बर जैन धार्मिक एंव पारमार्थिक ट्रस्ट कस्ब शुजालपुर, तहसील शुजालपुर, जिला शाजापुर हेतु धारा 4 मध्यप्रदेश पब्लिक ट्रस्ट एक्ट, 1951 के तहत् प्रस्तुत किया गया. आवेदन के संलग्न डीड बायलाज, पंजीयक प्रमाण–पत्र भाग 1 एंव मुद्रांक विभाग मध्यप्रदेश, एंव अध्यक्ष सदस्य का सहमति मय आधार कार्ड आदि प्रमाणीकरण की छायाप्रति प्रस्तुत की गई है. उक्त ट्रस्ट एंव उसकी चल–अचल सम्पत्ति पंजीयन हेतु मेरे न्यायालय में प्रकरण चल रहा है, जिसमें पेशी दिनांक 4 मार्च 2026 को मेरे द्वारा विचार किया जावेगा.

उक्त लोक न्यास एवं चल–अचल सम्पति के पंजीयन किये जाने के संबंध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति या सुझाव हो तो दो प्रतियों में इस विज्ञप्ति के प्रकाशन होने के एक माह के अंदर स्वयं अथवा किसी वैध प्रतिनिधी अभिभाषक के माध्यम से प्रस्तुत कर सकता है. विज्ञाप्ति समय अवधि समाप्त होने के पश्चात् प्राप्त किसी आपत्ति या सुझाव पर कोई विचार नहीं किया जावेगा:--

1. **न्यास का मुख्यालय**– श्री अभिषेक जैन पिता स्व. चंद्रकांत जैन, निवासी– मकान नं. 409, वार्ड नंबर 15, (सम्यक कम्प्युटर्स), शुजालपुर, तहसील शुजालपुर, जिला शाजापुर, मध्यप्रदेश.
2. **न्यास का कार्यक्षेत्र**– कस्बा शुजालपुर, तहसील शुजालपुर.
3. **न्यास का उद्देश्य**– मानव सेवा व स्वास्थ्य एंव धार्मिक कार्य व अन्य सेवाएँ प्रदान करना.
4. **न्यास आय के साधन**– समाज जन एवं मंदिर में प्राप्त दान/अनुदान/मंदिर के अन्य भाग पर निर्माण संरचना से प्राप्त किराया द्वारा आय का साधन होगा.
5. चल–अचल सम्पत्ति का विवरण इस प्रकार है:–

अ.– अचल संपत्ति– श्री कुन्दकुन्द कहान दिगम्बर जैन धार्मिक एंव पारमार्थिक ट्रस्ट कस्ब शुजालपुर, तहसील शुजालपुर, जिला शाजापुर लोक न्यास के पास एक भूखण्ड जो 2000 वर्गफीट भूमि का प्लाट है पर मंदिर एंव स्वाध्याय भवन का निर्माण कार्य किया जाना है.

ब.– चल संपत्ति– दान से प्राप्त 22,000/– बाईस हजार रूपए संस्था के पास नगद राशि है.

(G-2130) **राजकुमार हल्दर,** रजिस्ट्रार एवं अनुविभागीय अधिकारी.

न्यायालय, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) एवं लोक न्यास, पंजीयक, सागर, जिला सागर, मध्यप्रदेश

सागर, दिनांक 9 फरवरी 2026

प्रारुप–4

[मध्यप्रदेश लोक न्यास अधिनियम, 1951 (1951 का 30) की धारा 5 की उपधारा (2) तथा मध्यप्रदेश लोक न्यास नियम, 1951 का नियम 5 कां उपनियम (1) देखिये]

रा.प्र.क्र.–007–बी–113–वर्ष 2025–26.– जैसा कि श्री राम जानकी दक्षिण पंचमुखी हनुमान शिव मंदिर, स्मृति शेष श्रीमती शंकुतला श्यामचरण देवलिया जी ट्रस्ट साकिन मनोरमा कॉलोनी, सागर, तह. व जिला सागर के द्वारा आवेदक राजकुमार पिता बालचंद गौड, निवासी– मनोरमा कॉलोनी, सागर, तहसील व जिला सागर के द्वारा मध्यप्रदेश लोक न्यास अधिनियम, 1951 (1951 का 30) की धारा 4 एवं मध्यप्रदेश लोक न्यास नियम, 1961 के नियम 2 के तहत् एक आवेदन–पत्र अनुसूची में विनिर्दिष्ट सम्पति के लिये लोक न्यास के रूप में पंजीकृत किये जाने हेतु निवेदन किया गया है.

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि उक्त आवेदन–पत्र पर मेरे न्यायालय में दिनांक..... को विचार किया जायेगा, कोई भी व्यक्ति जो उक्ट ट्रस्ट या सम्पति में हित रखते हों और आपत्ति या सुझाव देना चाहते हों, वे इस सूचना के प्रकाशन के पन्द्रह दिनों के अंदर अपनी आपत्ति या सुझाव दो प्रतियों में मेरे समक्ष स्वंय अथवा अभिभाषक अथवा अभिकर्ता के द्वारा उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं. उपरोक्त अवधि की समाप्ति के पश्चात् प्राप्त आपत्तियों को विचार के लिये ग्रहण नहीं किया जावेगाः–

अनुसूची

(पब्लिक ट्रस्ट का नाम और पता व अचल–चल सम्पत्ति का विवरण)

1. ट्रस्ट का नाम	–	श्रीराम जानकी दक्षिण पंचमुखी हनुमान शिव मंदिर, स्मृति शेष श्रीमती शंकुतला श्यामचरण देवलिया जी ट्रस्ट साकिन मनोरमा कॉलोनी, सागर, तह. व जिला सागर.
2. अचल सम्पत्ति	–	मूर्तियां, भूमि, बर्तन उपकरण आदि.
3. चल सम्पत्ति	: –	5,00,000/–रु.

(G-2131) **अमन मिश्रा,** अनुविभागीय अधिकारी.

कार्यालय, तहसीलदार, तहसील कोलार, जिला भोपाल, मध्यप्रदेश

भोपाल, दिनांक 5 मार्च 2026

[मध्यप्रदेश पब्लिक ट्रस्ट अधिनियम, 1951 की धारा 5(1) पब्लिक ट्रस्ट अधिनियम, 1952 के नियम 5(1) के अन्तर्गत]

रा.प्र.क्र.–बी–113–2025–26.– जैसा कि "आवेदक केशव लाल दुबे आ. यज्ञनारायण दुबे, निवासी– 30, फेथकला एम्पायर, सोहागपुर, कोलार रोड, भोपाल द्वारा वर्णित "फेथकला शिव मंदिर न्यास, फेथकला एम्पायर सोहागपुर, कोलार रोड, भोपाल" के पंजीयन किये जाने हेतु आवेदन–पत्र प्रस्तुत किया है.

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि उक्त आवेदन मेरे न्यायालय में मेरे द्वारा 16 मार्च 2026 को विचार में लिया जावेगा. कोई भी व्यक्ति जो उक्त ट्रस्ट में या सम्पत्ति में हित रखता हो या कोई आपत्ति या सुझाव देना चाहता हो, लिखित में दो प्रतियों में इस सूचना के प्रकाशन के "उक्त दिवस" के भीतर प्रस्तुत करें अथवा उक्त दिनांक को मेरे समक्ष स्वयं अथवा अभिभाषक के माध्यम से या अभिकर्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपनी लिखित आपत्तियां प्रस्तुत कर सकता है. उपर्युक्त अवधि समाप्ति के पश्चात् प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगाः–

अनुसूची

1. ट्रस्ट का नाम व पता	–	फेथकला शिव मंदिर न्यास, फेथकला एम्पायर सोहागपुर, कोलार रोड, भोपाल.
2. चल सम्पत्ति	–	77,000/– राशि
3. चल सम्पत्ति	: –	निरंक

आज दिनांक 5 मार्च 2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मोहर से जारी किया गया.

(G-2132) **नरेन्द्र परमार,** अतिरिक्त तहसीदार.

कार्यालय, अनुविभागीय अधिकारी एवं रजिस्ट्रार, पब्लिक ट्रस्ट, तहसील कोलार, जिला भोपाल, मध्यप्रदेश

भोपाल, दिनांक 29 जनवरी 2026

[मध्यप्रदेश पब्लिक ट्रस्ट अधिनियम, 1951 की धारा 5 (1) पब्लिक ट्रस्ट अधिनियम, 1952 के नियम 5 (1) के अन्तर्गत]

प्र.क्र.–0004–बी–113–2025–26.– जैसा कि ''आवेदक श्री राकेश शर्मा, वास्ते शक्तिधाम न्यास, एम.आई.जी डी.एल. एक्स बी–142, अमराई, बागसेवनियां, भोपाल द्वारा मध्यप्रदेश पब्लिक ट्रस्ट अधिनियम, 1951 के अंतर्गत ट्रस्ट ''शक्तिधाम न्यास, भोपाल'' के पंजीयन किये जाने हेतु आवेदन–पत्र प्रस्तुत किया है.

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि उक्त आवेदन मेरे न्यायालय में मेरे द्वारा 2 मार्च 2026 को विचार में लिया जावेगा. कोई भी व्यक्ति जो उक्त ट्रस्ट में या सम्पत्ति में हित रखता हो या कोई आपत्ति या सुझाव देना चाहता हो, लिखित में दो प्रतियों में इस सूचना के प्रकाशन के ''एक माह'' के भीतर प्रस्तुत करें अथवा उक्त दिनांक को मेरे समक्ष स्वयं अथवा अभिभाषक के माध्यम से या अभिकर्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपनी लिखित आपत्तियां प्रस्तुत कर सकता है. उपर्युक्त अवधि समाप्ति के पश्चात् प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा :–

''अनुसूची''

1.–	ट्रस्ट का नाम व पता	–	''शक्तिधाम न्यास, भोपाल'' एम.आई.जी डी.एल.एक्स बी–142, अमराई, बागसेवनियां, भोपाल
2–	चल सम्पत्ति	–	51,000/– राशि
3–	अचल सम्पत्ति	–	निरंक

आज दिनांक 29 जनवरी 2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मोहर से जारी किया गया.

(G-2133) **प्रकाशचंद्र पाण्डेय,** अनुविभागीय अधिकारी.

अन्य सूचनाएं

कार्यालय, सहायक आयुक्त (प्रशासन), सहकारिता, जिला बड़वानी, मध्यप्रदेश

बड़वानी, दिनांक 30 जनवरी 2026

[मध्यप्रदेश सहकारी समितियां अधिनियम, 1960 की धारा 18 (1)(2) के अंतर्गत]

क्र.–परि–2026–77.– कार्यालयीन आदेश क्रमांक–परि–1200 बड़वानी, दिनांक 12 अक्टूबर 2018 के द्वारा दुग्ध उत्पादक सहकारी संस्था मर्यादित, एकलबारा (पंजीयन प्रमाण–पत्र एवं पंजीयन नम्बर व दिनांक के आधार पर), जिला बडवानी, जिसका पंजीयन क्रमांक 224, दिनांक 28 सितम्बर 2007 है, को मध्यप्रदेश सहकारी समितियां अधिनियम, 1960 की धारा 69 के अन्तर्गत परिसमापन में लाया जाकर धारा 70 (1) के अन्तर्गत श्री राजेन्द्र सिरसाट, वरिष्ठ सहकारी निरीक्षक, सहकारिता, जिला बड़वानी को संस्था परिसमापक नियुक्त किया गया था.

परिसमापक द्वारा संस्था की परिसमापन संबंधी कार्यवाही पूर्ण करके संस्था का स्थिति विवरण–पत्रक निरंक किया जाकर पंजीयन निरस्त करने हेतु अन्तिम प्रतिवेदन इस कार्यालय को प्रस्तुत किया गया है. संस्था के परिसमापक की कार्यवाही से मैं, इस निष्कर्ष पर पहुंचा हूँ कि संस्था का पंजीयन निरस्त किया जाना उचित है.

अतः, मैं, सुरेश सांवले, सहायक पंजीयक, सहकारी संस्थाएं, जिला बड़वानी, मध्यप्रदेश सहकारी समितियां अधिनियम, 1960 की धारा 18(1)(2) के अन्तर्गत एवं मध्यप्रदेश शासन, सहकारिता विभाग की अधिसूचना क्रमांक–एफ–5–1–99–पन्द्रह–1–डी, 26 जुलाई 1999 के तहत् प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, उक्त परिसमापनाधीन दुग्ध उत्पादक सहकारी संस्था मर्यादित एकलबारा, जिला बड़वानी, जिसका पंजीयन क्रमांक 224, दिनांक 28 सितम्बर 2007 है, संस्था का पंजीयन निरस्त करते हुए संस्था का (बॉडी कार्पोरेट) निकाय समाप्त करता हूँ.

आज दिनांक 30 जनवरी, 2026 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालयीन पदमुद्रा से जारी किया गया है.

(G-2134)

बड़वानी, दिनांक 30 जनवरी 2026

[मध्यप्रदेश सहकारी समितियां अधिनियम, 1960 की धारा 18 (1)(2) के अंतर्गत]

क्र.–परि–2026–78.– कार्यालयीन आदेश क्रमांक 354 बड़वानी, दिनांक 28 अप्रैल 2016 के द्वारा दुग्ध उत्पादक सहकारी संस्था मर्यादित, बावड़िया (पंजीयन प्रमाण–पत्र एवं पंजीयन नम्बर व दिनांक के आधार पर), जिला बड़वानी, जिसका पंजीयन क्रमांक 225, दिनांक 28 सितम्बर 2007 है. को मध्यप्रदेश सहकारी समितियां अधिनियम, 1960 की धारा 69 के अन्तर्गत परिसमापन में लाया जाकर धारा 70 (1) के अन्तर्गत श्री राजेन्द्र सिरसाट, वरिष्ठ सहकारी निरीक्षक, सहकारिता, जिला बड़वानी को संस्था परिसमापक नियुक्त किया गया था.

परिसमापक द्वारा संस्था की परिसमापन संबंधी कार्यवाही पूर्ण करके संस्था का स्थिति विवरण–पत्रक निरंक किया जाकर पंजीयन निरस्त करने हेतु अन्तिम प्रतिवेदन इस कार्यालय को प्रस्तुत किया गया है. संस्था के परिसमापक की कार्यवाही से मैं, इस निष्कर्ष पर पहुंचा हूँ कि संस्था का पंजीयन निरस्त किया जाना उचित है.

अतः, मैं, सुरेश सांवले, सहायक पंजीयक, सहकारी संस्थाएं, जिला बड़वानी, मध्यप्रदेश सहकारी समितियां अधिनियम, 1960 की धारा 18(1)(2) के अन्तर्गत एवं मध्यप्रदेश शासन, सहकारिता विभाग की अधिसूचना क्रमांक–एफ–5–1–99–पन्द्रह–1–डी, दिनांक 26 जुलाई 1999 के तहत् प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, उक्त परिसमापनाधीन दुग्ध उत्पादक सहकारी संस्था मर्यादित बावड़िया, जिला बड़वानी, जिसका पंजीयन क्रमांक 225, दिनांक 28 सितम्बर 2007 है, संस्था का पंजीयन निरस्त करते हुए संस्था का (बॉडी कार्पोरेट) निकाय समाप्त करता हूँ.

आज दिनांक 30 जनवरी, 2026 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालयीन पदमुद्रा से जारी किया गया है.

(G-2135)

बड़वानी, दिनांक 30 जनवरी 2026

[मध्यप्रदेश सहकारी समितियां अधिनियम, 1960 की धारा 18 (1)(2) के अंतर्गत]

क्र.–परि–2026–79.– कार्यालयीन आदेश क्रमांक–परि.–940 बड़वानी, दिनांक 06 जुलाई 2018 के द्वारा कृष्णा साख सहकारी संस्था मर्यादित, अंजड़ (पंजीयन प्रमाण–पत्र एवं पंजीयन नम्बर व दिनांक के आधार पर), जिला बड़वानी, जिसका पंजीयन क्रमांक 434, दिनांक 09 दिसम्बर 2014 है, को मध्यप्रदेश सहकारी समितियां अधिनियम, 1960 की धारा 69 के अन्तर्गत परिसमापन में लाया जाकर धारा 70 (1) के अन्तर्गत श्री राजेन्द्र सिरसाट, वरिष्ठ सहकारी निरीक्षक, सहकारिता, जिला बड़वानी को संस्था परिसमापक नियुक्त किया गया था.

परिसमापक द्वारा संस्था की परिसमापन संबंधी कार्यवाही पूर्ण करके संस्था का स्थिति विवरण पत्रक निरंक किया जाकर पंजीयन निरस्त करने हेतु अन्तिम प्रतिवेदन इस कार्यालय को प्रस्तुत किया गया है. संस्था के परिसमापक की कार्यवाही से मैं, इस निष्कर्ष पर पहुँचा हूँ, कि संस्था का पंजीयन निरस्त किया जाना उचित है.

अतः, मैं, सुरेश सांवले, सहायक पंजीयक, सहकारी संस्थाएं, जिला बड़वानी, मध्यप्रदेश सहकारी समितियां अधिनियम, 1960 की धारा 18(1)(2) के अन्तर्गत एवं मध्यप्रदेश शासन, सहकारिता विभाग की अधिसूचना क्रमांक–एफ–5–1–99–पन्द्रह–1–डी, दिनांक 26 जुलाई 1999 के तहत् प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, उक्त परिसमापनाधीन कृष्णा साख सहकारी संस्था मर्यादित, अंजड, जिला बड़वानी, जिसका पंजीयन क्रमांक 434, दिनांक 9 दिसम्बर 2014 है, संस्था का पंजीयन निरस्त करते हुए संस्था का (बॉडी कार्पोरेट) निकाय समाप्त करता हूँ.

आज दिनांक 30 जनवरी, 2026 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालयीन पदमुद्रा से जारी किया गया है.

(G-2136)

बड़वानी, दिनांक 30 जनवरी 2026

[मध्यप्रदेश सहकारी समितियां अधिनियम, 1960 की धारा 18 (1)(2) के अंतर्गत]

क्र.–परि.–2026–80.– कार्यालयीन आदेश क्रमांक–परि.–1000 बड़वानी, दिनांक 8 दिसम्बर 2014 के द्वारा दुग्ध उत्पादक सहकारी संस्था मर्यादित, बांदरकच्छ (पंजीयन प्रमाण–पत्र एवं पंजीयन नम्बर व दिनांक के आधार पर), जिला बड़वानी, जिसका पंजीयन क्रमांक 195, दिनांक 23 सितम्बर 2005 है, को मध्यप्रदेश सहकारी समितियां अधिनियम, 1960 की धारा 69 के अन्तर्गत परिसमापन में लाया जाकर धारा 70 (1) के अन्तर्गत श्री राजेन्द्र सिरसाट, वरिष्ठ सहकारी निरीक्षक, सहकारिता, जिला बड़वानी को संस्था परिसमापक नियुक्त किया गया था,

परिसमापक द्वारा संस्था की परिसमापन संबंधी कार्यवाही पूर्ण करके संस्था का स्थिति विवरण–पत्रक निरंक किया जाकर पंजीयन निरस्त करने हेतु अन्तिम प्रतिवेदन इस कार्यालय को प्रस्तुत किया गया है. संस्था के परिसमापक की कार्यवाही से मैं इस निष्कर्ष पर पहुंचा हूँ कि संस्था का पंजीयन निरस्त किया जाना उचित है.

अतः, मैं, सुरेश सांवले, सहायक पंजीयक, सहकारी संस्थाएं, जिला बड़वानी, मध्यप्रदेश सहकारी समितियां अधिनियम, 1960 की धारा 18 (1) (2) के अन्तर्गत एवं मध्यप्रदेश शासन, सहकारिता विभाग की अधिसूचना क्रमांक–एफ–5–1–99–पन्द्रह–1–डी, दिनांक 26 जुलाई 1999 के तहत् प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए उक्त परिसमापनाधीन दुग्ध उत्पादक सहकारी संस्था मर्यादित, बांदरकच्छ, जिला बड़वानी, जिसका पंजीयन क्रमांक 195, दिनांक 23 सितम्बर 2005 है, संस्था का पंजीयन निरस्त करते हुए संस्था का (बॉडी कार्पोरेट) निकाय समाप्त करता हूँ.

आज दिनांक 30 जनवरी 2026 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालयीन पदमुद्रा से जारी किया गया है.

(G-2137)

बड़वानी, दिनांक 30 जनवरी 2026

[मध्यप्रदेश सहकारी समितियां अधिनियम, 1960 की धारा 18 (1)(2) के अंतर्गत]

क्र.–परि.–2026–81.– कार्यालयीन आदेश क्रमांक–परि.–1467, बड़वानी दिनांक 13 अक्टूबर 2022 के द्वारा श्री निषाद साख सहकारी संस्था मर्यादित, खेतिया (पंजीयन प्रमाण–पत्र एव पंजीयन नम्बर व दिनांक के आधार पर), जिला बड़वानी, जिसका पंजीयन क्रमांक 460, दिनांक 29 अप्रैल 2015 है. को मध्यप्रदेश सहकारी समितियां अधिनियम, 1960 की धारा 69 के अन्तर्गत परिसमापन में लाया जाकर धारा 70 (1) के अन्तर्गत श्री जे.एस. रावत, वरिष्ठ सहकारी निरीक्षक, सहकारिता, जिला बड़वानी को संस्था परिसमापक नियुक्त किया गया था.

परिसमापक द्वारा संस्था की परिसमापन संबंधी कार्यवाही पूर्ण करके संस्था का स्थिति विवरण–पत्रक निरंक किया जाकर पंजीयन निरस्त करने हेतु अन्तिम प्रतिवेदन इस कार्यालय को प्रस्तुत किया गया है. संस्था के परिसमापक की कार्यवाही से मैं, इस निष्कर्ष पर पहुंचा हूँ कि संस्था का पंजीयन निरस्त किया जाना उचित है.

अतः, मैं, सुरेश सांवले, सहायक पंजीयक, सहकारी संस्थाएं, जिला बड़वानी, मध्यप्रदेश सहकारी समितियां अधिनियम, 1960 की धारा 18(1)(2) के अन्तर्गत एवं मध्यप्रदेश शासन, सहकारिता विभाग, की अधिसूचना क्रमांक–एफ–5–1–99–पन्द्रह–1–डी, दिनांक 26 जुलाई 1999 के तहत् प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, उक्त परिसमापनाधीन श्री निषाद साख सहकारी संस्था मर्यादित, खेतिया, जिला बड़वानी, जिसका पंजीयन क्रमांक 460, दिनांक 29 अप्रैल 2015 है, संस्था का पंजीयन निरस्त करते हुए संस्था का (बॉडी कार्पोरेट) निकाय समाप्त करता हूँ.

आज दिनांक 30 जनवरी, 2026 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालयीन पदमुद्रा से जारी किया गया है.

(G-2138)

बड़वानी, दिनांक 30 जनवरी 2026

[मध्यप्रदेश सहकारी समितियां अधिनियम, 1960 की धारा 18 (1)(2) के अंतर्गत]

क्र.–परि.–2026–82.– कार्यालयीन आदेश क्रमांक–परि.–980, बड़वानी दिनांक 08 दिसम्बर 2014 के द्वारा दुग्ध उत्पादक सहकारी संस्था मर्यादित, जोड़ाई (पंजीयन प्रमाण–पत्र एवं पंजीयन नम्बर व दिनांक के आधार पर), जिला बड़वानी, जिसका पंजीयन क्रमांक 248, दिनांक 11 अप्रैल 2008 है, को मध्यप्रदेश सहकारी समितियां अधिनियम, 1960 की धारा 69 के अन्तर्गत परिसमापन में लाया जाकर धारा 70 (1) के अन्तर्गत श्री जे.एस. रावत, वरिष्ठ सहकारी निरीक्षक, सहकारिता, जिला बड़वानी को संस्था परिसमापक नियुक्त किया गया था.

परिसमापक द्वारा संस्था की परिसमापन संबंधी कार्यवाही पूर्ण करके संस्था का स्थिति विवरण–पत्रक निरंक किया जाकर पंजीयन निरस्त करने हेतु अन्तिम प्रतिवेदन इस कार्यालय को प्रस्तुत किया गया है. संस्था के परिसमापक की कार्यवाही से मैं, इस निष्कर्ष पर पहुँचा हूँ कि संस्था का पंजीयन निरस्त किया जाना उचित है.

अतः, मैं, सुरेश सांवले, सहायक पंजीयक, सहकारी संस्थाएं, जिला बड़वानी, मध्यप्रदेश सहकारी समितियां अधिनियम, 1960 की धारा 18(1)(2) के अन्तर्गत एवं मध्यप्रदेश शासन, सहकारिता विभाग की अधिसूचना क्रमांक–एफ–5–1–99–पन्द्रह–1–डी, दिनांक 26 जुलाई 1999 के तहत् प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, उक्त परिसमापनाधीन दुग्ध उत्पादक सहकारी संस्था मर्यादित, जोड़ाई, जिला बड़वानी, जिसका पंजीयन क्रमांक 248, दिनांक 11 अप्रैल 2008 है, संस्था का पंजीयन निरस्त करते हुए संस्था का (बॉडी कार्पोरेट) निकाय समाप्त करता हूँ.

आज दिनांक 30 जनवरी, 2026 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालयीन पदमुद्रा से जारी किया गया है.

(G-2139)

बड़वानी, दिनांक 30 जनवरी 2026

[मध्यप्रदेश सहकारी समितियां अधिनियम, 1960 की धारा 18 (1)(2) के अंतर्गत]

क्र.–परि.–2026–83.– कार्यालयीन आदेश क्रमांक–परि–814, बड़वानी दिनांक 09 नवम्बर 2016 के द्वारा श्री सांई बाबा साख सहकारी संस्था मर्यादित, खेतिया (पंजीयन प्रमाण–पत्र एवं पंजीयन नम्बर व दिनांक के आधार पर), जिला बड़वानी, जिसका पंजीयन क्रमांक 07, दिनांक 08 फरवरी 2000 है. को मध्यप्रदेश सहकारी समितियां अधिनियम, 1960 की धारा 69 के अन्तर्गत परिसमापन में लाया जाकर धारा 70 (1) के अन्तर्गत श्री जे.एस. रावत, वरिष्ठ सहकारी निरीक्षक, सहकारिता, जिला बड़वानी को संस्था परिसमापक नियुक्त किया गया था.

परिसमापक द्वारा संस्था की परिसमापन संबंधी कार्यवाही पूर्ण करके संस्था का स्थिति विवरण–पत्रक निरंक किया जाकर पंजीयन निरस्त करने हेतु अन्तिम प्रतिवेदन इस कार्यालय को प्रस्तुत किया गया है. संस्था के परिसमापक की कार्यवाही से मैं, इस निष्कर्ष पर पहुँचा हूँ कि संस्था का पंजीयन निरस्त किया जाना उचित है.

अतः, मैं, सुरेश सांवले, सहायक पंजीयक, सहकारी संस्थाएं, जिला बड़वानी, मध्यप्रदेश सहकारी समितियां अधिनियम, 1960 की धारा 18(1)(2) के अन्तर्गत एवं मध्यप्रदेश शासन, सहकारिता विभाग की अधिसूचना क्रमांक–एफ–5–1–99–पन्द्रह–1–डी, दिनांक 26 जुलाई 1999 के तहत् प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, उक्त परिसमापनाधीन श्री सांई बाबा साख सहकारी संस्था मर्यादित, खेतिया, जिला बड़वानी, जिसका पंजीयन क्रमांक 07, दिनांक 08 फरवरी 2000 है, संस्था का पंजीयन निरस्त करते हुए संस्था का (बॉडी कार्पोरेट) निकाय समाप्त करता हूँ.

आज दिनांक 30 जनवरी 2026 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालयीन पदमुद्रा से जारी किया गया है.

(G-2140)

बड़वानी, दिनांक 30 जनवरी 2026

[मध्यप्रदेश सहकारी समितियां अधिनियम, 1960 की धारा 18 (1)(2) के अंतर्गत]

क्र.–परि.–2026–84.– कार्यालयीन आदेश क्रमांक–परि–1497, बड़वानी दिनांक 13 अक्टूबर 2022 द्वारा सहयोग साख सहकारी संस्था मर्यादित, बड़वानी (पंजीयन प्रमाण–पत्र एवं पंजीयन नम्बर व दिनांक के आधार पर), जिला बड़वानी, जिसका पंजीयन क्रमांक 463, दिनांक 29 अप्रैल 2015 है, को मध्यप्रदेश सहकारी समितियां अधिनियम, 1960 की धारा 69 के अन्तर्गत्त परिसमापन में लाया जाकर धारा 70 (1) के अन्तर्गत श्री जे. एस. रावत, वरिष्ठ सहकारी निरीक्षक, सहकारिता, जिला बड़वानी को संस्था परिसमाषक नियुक्त किया गया था.

परिसमापक द्वारा संस्था की परिसमापन संबंधी कार्यवाही पूर्ण करके संस्था का स्थिति विवरण–पत्रक निरंक किया जाकर पंजीयन निरस्त करने हेतु अन्तिम प्रतिवेदन इस कार्यालय को प्रस्तुत किया गया है. संस्था के परिसमापक की कार्यवाही से मैं इस निष्कर्ष पर पहुंचा हूँ, कि संस्था का पंजीयन निरस्त किया जाना उचित है.

अतः, मैं, सुरेश सांवले, सहायक पंजीयक, सहकारी संस्थाएं, जिला बड़वानी, मध्यप्रदेश सहकारी समितियां अधिनियम, 1960 की धारा 18(1)(2) के अन्तर्गत एवं मध्यप्रदेश शासन, सहकारिता विभाग की अधिसूचना क्रमांक–एफ–5–1–99–पन्द्रह–1–डी, दिनांक 26 जुलाई 1999 के तहत् प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, उक्त परिसमापनाधीन सहयोग साख सहकारी संस्था मर्यादित बड़वानी, जिला बड़वानी जिसका पंजीयन क्रमांक 463, दिनांक 29 अप्रैल 2015 है, संस्था का पंजीयन निरस्त करते हुए संस्था का (बॉडी कार्पोरेट) निकाय समाप्त करता हूँ.

आज दिनांक 30 जनवरी 2026 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालयीन पदमुद्रा से जारी किया गया है.

सुरेश सांवले, सहायक पंजीयक.

(G-2141)

कार्यालय, उप पंजीयक, सहकारी संस्थाएँ, जिला सीहोर, मध्यप्रदेश

सीहोर, दिनांक 30 जनवरी 2026

[मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी अधिनियम, 1960 की धारा 18 (1) के अंतर्गत]

क्र.–परि.–2026–143.– इस कार्यालय का आदेश क्र.–परिसमापन–2025–591, सीहोर, दिनांक 26 मई 2025 के द्वारा प्राथ. बीज उत्पादक प्रक्रिया एवं विपणन सहकारी संस्था मर्यादित, ढाबलामाता, तहसील इछावर, जिला सीहोर, पंजीयन क्रमांक 1622, दिनांक 25 सितम्बर 2012 है, जो मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी अधिनियम, 1960 की धारा 69 के अन्तर्गत परिसमापन में लाया जाकर धारा 70 के अन्तर्गत सुश्री शिवानी दास, सहकारी निरीक्षक को संस्था का परिसमापक नियुक्त किया गया था.

